Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

D-0609

Test Booklet No.

Time : **1 1/4** hours]

PAPER-II
HISTORY

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**	Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **Negative Marking :- For each incorrect answer, 0.5 marks shall be deducted.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **नेगेटिव अंक प्रणाली : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 अंक काटे जाएँगे ।**

HISTORY
Paper – II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

1. Which of the following stands for Lower Palaeolithic period ?

(A) Homo Habilis (B) Homo Sapiens

(C) Homo Sapiens Sapiens (D) Australoid

2. Which of the following is associated with Palaeolithic period ?

(A) Crescent (B) Triangle

(C) Polished Hand Axe (D) Acheulian Hand Axe

3. Which of the following represents Mesolithic period ?

(A) Ground tools (B) Olduwan

(C) Clactonian (D) Microliths

4. Which of the following stands for Neolithic ?

(A) Scavenging (B) Gathering – Hunting

(C) Food production (D) Pastoralism

5. Which of the following denotes permanent living ?

(A) Nomadism (B) Transhumance

(C) Semi-sedentism (D) Sedentism

6. Match List-I with List-II and choose your answer from the codes given below :

	List-I		**List-II**
(a)	Harappa Civilization	(i)	Spoked wheel
(b)	Aryans	(ii)	Copper technology
(c)	Gautami Putra	(iii)	Jainism
(d)	Shravanabelgola	(iv)	Satavahana

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(D)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)

इतिहास
प्रश्नपत्र – II

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

1. निम्नलिखित में से कौन सा पूर्व पुरापाषाण युग से सम्बन्धित है ?
   (A) होमो हेबिलिस (B) होमो सेपियन्स
   (C) होमो सेपियन्स सेपियन्स (D) अस्ट्रोलायड

2. निम्नलिखित में से कौन सा पुरापाषाण से सम्बन्धित है ?
   (A) अर्ध-चन्द्र (B) त्रिकोण
   (C) ओपयुक्त हस्त कुठार (D) ऐश्यूली हस्त कुठार

3. निम्नलिखित में से कौन सा मध्यपाषाण युग का प्रतिनिधित्व करता है ?
   (A) भूमि उपकरण (B) ओल्ड़वी
   (C) क्लैक्टोनी (D) सूक्ष्म पाषाण

4. निम्नलिखित में से कौन सा नवपाषाण युग से सम्बन्धित है ?
   (A) अपमार्जन (B) बटोरना-शिकार करना
   (C) खाद्य उत्पादन (D) चरागाहवाद

5. निम्नलिखित में से कौन सा स्थायी निवास का द्योतक है ?
   (A) यायावारवाद (नोमेडिज़्म) (B) स्थानांतरण (ट्रांसड्यूमेन)
   (C) अर्ध स्थिरतावाद (सेमी सेडेण्टिज़्म) (D) स्थिरतावाद (सेडेण्टिज्म)

6. सूची-I का सूची-II से सुमेल बिठाइए और प्रदत्त कोड़ से सही उत्तर का चयन कीजिए :

	सूची-I		**सूची-II**
(a)	हड़प्पा संस्कृति	(i)	ताड़ीदार पहिया
(b)	आर्य	(ii)	ताम्बा तकनीक
(c)	गौतमी पुत्र	(iii)	जैन धर्म
(d)	श्रावणबेलगोला	(iv)	सातवाहन

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(D)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)

7. Match List-I with List-II and choose your answer from the codes given below :

	List-I		List-II
(a)	Ayas	(i)	Latin
(b)	Aes	(ii)	Sanskrit
(c)	Ayari	(iii)	English
(d)	Iron	(iv)	Avesta

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)

8. Match List-I with List-II and choose your answer from the codes given below :

	List-I		List-II
(a)	Vajji	(i)	Indraprastha
(b)	Chedi	(ii)	Kausambi
(c)	Vats	(iii)	Vaishali
(d)	Kuru	(iv)	Shaktimati

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(D)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

9. Match List-I with List-II and choose your answer from the codes given below :

	List-I		List-II
(a)	Thirthankar	(i)	Buddhism
(b)	Kathasaritasagar	(ii)	Jainism
(c)	Bodhisatva	(iii)	Somadeva
(d)	Brihtakathamanjri	(iv)	Ksheminder

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(D)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

10. Match List-I with List-II and choose your answer from the codes given below :

	List-I		List-II
(a)	Triratna	(i)	Buddhism
(b)	Jataka	(ii)	Jainism
(c)	Mudrarakshas	(iii)	Somadeva
(d)	Kathasaritasagar	(iv)	Vishakhadatt

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(B)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(C)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

7. सूची-I का सूची-II से सुमेल बिठाइए और प्रदत्त कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	अयस	(i)	लैटिन
(b)	एस	(ii)	संस्कृत
(c)	अयरी	(iii)	इंगलिश
(d)	आइरन	(iv)	अवेस्ता

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)

8. सूची-I का सूची-II से सुमेल बिठाइए और प्रदत्त कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	वज्जी	(i)	इन्द्रप्रस्थ
(b)	चेदी	(ii)	कौशाम्बी
(c)	वत्स	(iii)	वैशाली
(d)	कुरु	(iv)	शक्तिमति

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(D)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

9. सूची-I का सूची-II से सुमेल बिठाइए और प्रदत्त कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	तीर्थांकर	(i)	बौद्ध धर्म
(b)	कथासरित सागर	(ii)	जैन धर्म
(c)	बोधिसत्त्व	(iii)	सोमदेव
(d)	बृहत कथामंजरी	(iv)	क्षेमेन्द्र

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(D)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

10. सूची-I का सूची-II से सुमेल बिठाइए और प्रदत्त कोड़ से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	त्रिरत्न	(i)	बौद्ध धर्म
(b)	जातक	(ii)	जैन धर्म
(c)	मुद्राराक्षस	(iii)	सोमदेव
(d)	कथासरित सागर	(iv)	विशाखदत्त

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(B)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(C)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

11. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The concept of 'Sarve Hitai and Sarve Sukhai' in Vedic Philosophy is for the upliftment of all the people.

Reason (R) : It aims to work for the betterment of all human beings.

In the context of the above two statements, which of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true. (B) (A) is true but (R) is untrue.

(C) (A) is false but (R) is true. (D) Both (A) and (R) are untrue.

12. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The concept of 'Bahujan Hitai and Bahujan Sukhai' in Buddhism is for the upliftment of the majority of the people.

Reason (R) : It aims to relieve the majority of the population of its problems.

In the context of the above two statements, which of the following is correct ?

(A) (A) is true but (R) is untrue. (B) (R) is true but (A) is untrue.

(C) Both (A) and (R) are true. (D) Both (R) and (A) are untrue.

13. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : Kushana period was the golden age in ancient Indian history.

Reason (R) : This period witnessed all round development.

In the context of the above two statements, which of the following is correct ?

(A) (A) is true but (R) is false. (B) (R) is true but (A) is false.

(C) Both (A) and (R) are false. (D) Both (A) and (R) are true.

14. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : Indian feudal system discouraged agriculture production.

Reason (R) : It was enemical to agricultural growth.

In view of the above two statements, which of the following is correct ?

(A) (A) is true but (R) is false. (B) (R) is true but (A) is false.

(C) Both (A) and (R) are true. (D) Both (A) and (R) are false.

15. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : Pulkeshin-II defeated Harshvardhana.

Reason (R) : He wanted to expand his empire in north India.

In the context of the above two statements, which of the following is correct ?

(A) (A) is true but (R) is false. (B) (R) is true but (A) is false.

(C) Both (A) and (R) are true. (D) Both (A) and (R) are false.

11. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : वैदिक दर्शन में 'सर्व हिताय सर्व सुखाय' की अवधारणा सफल मानव जाति के कल्याणार्थ है ।

तर्क (R) : इसका उद्देश्य सकल मानव जाति की भलाई के लिए कार्य करना है ।

उपरोक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं । (B) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।

(C) (A) गलत है परन्तु (R) सही है । (D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

12. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : बौद्ध धर्म में 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' की अवधारणा में लोगों की बहुसंख्या के कल्याण की कामना है ।

तर्क (R) : इसका उद्देश्य लोगों की बहुसंख्या की समस्याओं को मिटाना है ।

उपरोक्त दोनों कथनों के संदर्भ में अधोलिखित में से कौन सा उत्तर सही है ?

(A) (A) सही है परन्तु (R) गलत है (B) (R) सही है परन्तु (A) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं । (D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

13. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : कुषाण काल पुरातन भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग है ।

तर्क (R) : इस काल के अन्तर्गत सर्वपक्षीय उन्नति हुई ।

उपरोक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (A) सही है परन्तु (R) गलत है । (B) (R) सही है परन्तु (A) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं । (D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

14. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : भारतीय सामन्ती व्यवस्था ने कृषि उत्पादन को हतोत्साहित किया ।

तर्क (R) : सामन्ती व्यवस्था इसकी विरोधी थी ।

उपरोक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (A) सही है परन्तु (R) गलत है (B) (R) सही है परन्तु (A) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं । (D) (R) और (A) दोनों गलत हैं ।

15. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : पुलकेशिन-II ने हर्षवर्धन को हराया ।

तर्क (R) : वह उत्तरी भारत में अपने राज्य का विस्तार करना चाहता था ।

दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर सही है ?

(A) (A) सही है परन्तु (R) गलत है (B) (R) सही है परन्तु (A) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं । (D) (R) और (A) दोनों गलत हैं ।

16. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : In spite of large and efficient army, Balban did not think of territorial expansion of his Sultanate.

Reason (R) : Tughril's Revolt completely diverted his attention towards its suppression.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (R) is true, but (A) is false.

17. Which one of the following Sultans brought the Ashokan Pillar to Delhi ?

(A) Giasuddin Tughlaq (B) Muhammad-bin-Tughlaq

(C) Firoz Tughlaq (D) Sikander Lodi

18. Who among the following in South India did not accept the sovereignty of Alauddin ?

(A) Pandyas (B) Hoysalas

(C) Yadavas (D) Kakatiyas

19. Title of the book in which Amir Khusrau describes the political and social conditions of the reign of Qutubuddin Mubrak Shah is

(A) Kharzain-ul-Futuh (B) Nuh-i-Siphar

(C) Mifta-ul-Futuh (D) Tughlaq Nama

20. In Bahamani Kingdom, 'Sadre-i-Jahan' was the chief of which department ?

(A) Religious and judicial (B) Military

(C) Foreign (D) Revenue including land revenue

21. What is the correct sequence of the following ?

(i) Muntakhab-ul-Tawarikh (ii) Kitab-ul-Hind

(iii) Muntakhab-ul-Lubab (iv) Tabqat-i-Nasiri

Code :

(A) i, iii, iv, ii (B) ii, iv, i, iii

(C) iv, iii, i, ii (D) iii, iv, ii, i

22. Vascodagama visited which one of the following ports ?

(A) Goa (B) Madgoan

(C) Mangalore (D) Calicut

16. नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं । इनमें से पहला कथन अभिकथन (A) होगा और दूसरा कथन तर्क (R) होगा :

अभिकथन (A) : विशाल और कुशल सेना होते हुए भी बलबन ने सीमा विस्तार का प्रयास नहीं किया ।

तर्क (R) : तुगरिल के विद्रोह को दबाने में उसका ध्यान पूर्णत: केन्द्रित हो गया था ।

उपरोक्त वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) एवं (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) एवं (R) दोनों सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (R) सही है, लेकिन (A) गलत है ।

17. निम्न में से कौन सा सुल्तान अशोक स्तम्भ को दिल्ली लाया ?

(A) गयासुद्दीन तुगलक (B) मुहम्म्द-बिन-तुगलक़

(C) फिरोज़ तुगलक (D) सिकन्दर लोदी

18. किस एक मात्र दक्षिणी राज्य ने अलाउद्दीन की सार्वभौमिकता स्वीकार नहीं की ?

(A) पान्डय (B) होयसल

(C) यादव (D) काकतीय

19. अपने किस ग्रन्थ में अमीर खुसरो ने कुतुबुद्दीन मुबारक शाह के शासनकाल की राजनीतिक और सामाजिक दशा का वर्णन किया है ?

(A) खजाइनुल फुतूह (B) नूह-ए-सिपेहर

(C) मिफ्ता-उल-फुतूह (D) तुगलक नामा

20. बहमनी राज्य में ‘सद्र-ए-जहाँ’ किस विभाग का प्रमुख होता था ?

(A) धार्मिक तथा न्यायिक (B) सैनिक

(C) विदेश (D) राजस्व - भू राजस्व सहित

21. निम्नलिखित का सही कालक्रम क्या है ?

(i) मुन्तखब-उल-तवारीख (ii) किताब-उल-हिन्द

(iii) मुन्तखब-उल-लुबाब (iv) तबकाते नासिरी

कूट :

(A) i, iii, iv, ii (B) ii, iv, i, iii

(C) iv, iii, i, ii (D) iii, iv, ii, i

22. निम्नांकित में से वास्कोडिगामा ने किस बन्दरगाह की यात्रा की ?

(A) गोवा (B) मडगाँव

(C) मैंगलोर (D) कालीकट

23. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The Chishti Silsila was the most prominent amongst the Sufi orders.

Reason (R) : The Silsila had its sphere of influence in Rajasthan, Punjab, Bihar, Bengal, Orissa and the Deccan.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (R) is true, but (A) is false.

24. Struggle between Mughal forces with Maharana Pratap of Mewar which took place in June, 1576, has been described by Abul Fazal as the Battle of

(A) Haldighati (B) Gogunda
(C) Khamnor (D) Kumbhalgarh

25. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : After five years of direct administration and experimentation, Akbar placed the lands of North India with the Mansabdars.

Reason (R) : Akbar's treasuries obtained and augmented revenue from the new system.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is false but (R) is correct.
(C) (A) is correct but (R) is false.
(D) Both (A) and (R) are false.

26. The 'du-aspa' and 'Seh-aspa' rank was first introduced during the reign of

(A) Akbar (B) Jahangir
(C) Shajahan (D) Aurangzeb

27. 'Pietra-dura' technique of surface ornamentation was first adopted in

(A) Itimad-ud-Daula's Tomb (B) Taj Mahal
(C) Diwan-e-Am (Red Fort, Delhi) (D) Moti Masjid (Agra Fort)

28. On whom Jahangir conferred the title of Nadir-ul-Jama ?

(A) Abul Hassan (B) Mansur
(C) Basant (D) Giasuddin Beg

29. Which was the most important commodity exported from India in the 17^{th} Century ?

(A) Spices (B) Cotton textile
(C) Indigo (D) Saltpetre

23. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं । एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) :

कथन (A) : सूफी व्यवस्था में चिश्ती सिलसिला का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान था ।

कारण (R) : सिलसिला का प्रभाव क्षेत्र राजस्थान, पंजाब, बिहार, बंगाल, उड़ीसा और दक्खन था ।

उपरोक्त वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में कौन सा सही है ?

कोड :

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) एवं (R) दोनों सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (R) सही है, लेकिन (A) गलत है ।

24. मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जून,1576 में होने वाला मुगलों के विरुद्ध संघर्ष को अबुल फजल ने कौन सा युद्ध कहा है ?

(A) हल्दीघाटी (B) गोगुन्दा

(C) खमनोर (D) कुम्भलगढ़

25. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) :

कथन (A) : पाँच वर्ष के सीधे प्रशासन और प्रयोगों के पश्चात्, अकबर ने उत्तरी भारत की भूमि मनसबदारों को प्रदान की ।

कारण (R) : नयी व्यवस्था से अकबर के खजाने में राजस्व की वृद्धि हुई ।

उपरोक्त दोनों कथनों के सन्दर्भ में, निम्न में से कौन सा सही है ?

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A), की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

26. 'दो-अस्पा' और 'सह-अस्पा' पद सर्वप्रथम किसके शासनकाल में लागू किये गये ?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

27. धरातलीय सजावट में 'पीतरा ड्युरा' का सर्वप्रथम प्रस्तुतिकरण निम्न में है :

(A) इतमादुद्दौला का मकबरा (B) ताजमहल

(C) दीवान-ए-आम (दिल्ली का लाल किला) (D) मोती मस्जिद (आगरा का किला)

28. जहाँगीर ने नादिर-उल-जमा की उपाधि किसको दी ?

(A) अबुल हसन (B) मन्सूर

(C) बसन्त (D) गियासुद्दीन बेग

29. 17वीं शताब्दी में भारत से सर्वाधिक निर्यात होने वाली वस्तु कौन सी थी ?

(A) गरम मसाला (B) सूती वस्त्र

(C) नील (D) शौरा

30. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : By 1750 A.D., Peshwa became all powerful in Maratha Kingdom.

Reason (R) : Peshwas shifted their head-quarter from Satara to Pune.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

Code :

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is wrong, but (R) is correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

31. The Permanent Settlement was made with the

(A) Zamindars (B) Peasant Cultivators
(C) Village Communities (D) Muqaddams

32. Parsi Social Reformer Behramji M. Malabari carried on his campaign against

(A) Infant and Child Marriage (B) Polygamy
(C) Female Infanticide (D) Widow remarriage

33. Which tribal leader was regarded as an incarnation of God and Father of the World (Dharti Aba) ?

(A) Kanhu Santha (B) Rupa Naik
(C) Birsa Munda (D) Joria Bhagat

34. Who said "The British rule was a bleeding drain from India" ?

(A) Dadabhai Naoroji (B) M. G. Ranade
(C) R.C. Dutt (D) Bal Gangadhar Tilak

35. A leading British Parliamentarian and Politician admitted that the Revolt of 1857 was a 'National Revolt' not a 'Military Mutiny'.

(A) Lord Dalhousie (B) Lord Canning
(C) William Gladstone (D) Benjamin Disraeli

36. Which social reformer of Maharashtra became famous by the name of 'Lokhitwadi' ?

(A) Atmaram Pandurang (B) Bal Gangadhar Tilak
(C) Gopal Hari Deshmukh (D) Gopal Krishna Gokhale

37. Raja Ram Mohan Roy raised his voice and agitated against which evil custom and practice ?

(A) Caste Custom (B) Kulinism
(C) Sati Pratha (D) Widow remarriage

38. Who was not associated with the Aligarh Movement ?

(A) Altaf Hussain Hali (B) Nazir Ahmad
(C) Maulana Abul Kalam Azad (D) Chiragh Ali

39. The Journal 'Bahishkrit Bharat' was started by

(A) Jyotiba Phule (B) Dr. B. R. Ambedkar
(C) M. K. Gandhi (D) Karsandas Mulji

30. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) :
कथन (A) : 1750 ई. तक मराठा राज्य में पेशवा सर्वशक्तिमान हो गया था ।
कारण (R) : पेशवाओं ने अपना मुख्यालय सतारा से पूना स्थानान्तरित कर दिया ।
उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में कौन सा सही है ?
कोड :
(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

31. स्थायी बन्दोबस्त किसके साथ किया गया था ?
(A) ज़मींदारों (B) कृषक काश्तकारों
(C) ग्राम समुदाय (D) मुक़द्दमों

32. पारसी समाज सुधारक बेहरामजी एम. मालाबारी ने अपना आन्दोलन किस सुधार के लिए जारी रखा ?
(A) शिशु और बाल विवाह (B) बहु विवाह
(C) कन्या शिशु हत्या (D) विधवा पुर्नविवाह

33. किस आदिवासी प्रमुख नायक को ईश्वर का अवतार और विश्व पिता (धरती अबा) की तरह माना गया था ?
(A) कान्हू सन्था (B) रूपा नायक
(C) बिरसा मुण्डा (D) जोरिया भगत

34. किसने कहा कि "ब्रिटिश शासन भारत का रक्त बहाने वाला नाला था" ?
(A) दादाभाई नौरोजी (B) एम. जी. रानाडे
(C) आर. सी. दत्त (D) बाल गंगाधर तिलक

35. एक प्रमुख ब्रिटिश राजनेता और सांसद ने स्वीकार किया, कि 1857 विद्राह एक 'राष्ट्रीय विद्रोह' था न कि एक 'सैनिक विद्रोह' :
(A) लॉर्ड डलहौजी (B) लॉर्ड कैनिंग
(C) विलियम ग्लैडस्टोन (D) बेन्जामिन डिज़रायली

36. महाराष्ट्र के कौन से सामाजिक सुधारक 'लोक हितवादी' नाम से प्रसिद्ध हुए ?
(A) आत्माराम पाण्डुरंग (B) बाल गंगाधर तिलक
(C) गोपाल हरि देशमुख (D) गोपाल कृष्ण गोखले

37. राज राम मोहन राय ने किस बुरी परम्परा और रीति के विरुद्ध आवाज़ उठाई और आन्दोलन किया ?
(A) जाति प्रथा (B) कुलीन वाद
(C) सती प्रथा (D) विधवा पुर्नविवाह

38. कौन अलीगढ़ आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं था ?
(A) अल्ताफ हुसैन हाली (B) नज़ीर अहमद
(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (D) चिराग़ अली

39. 'बहिष्कृत भारत' पत्रिका को प्रारम्भ किया :
(A) ज्योतिबा फुले (B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(C) एम. के. गांधी (D) करसनदास मूलजी

40. Who took over the leadership of the Brahmo Samaj after the death of Raja Ram Mohan Roy ?

(A) Dwarka Nath Tagore (B) Keshav Chandra Sen
(C) Devendra Nath Tagore (D) Ram Chandra Vidya Vagish

41. Who made the greatest contribution in organizing the Kisan Sabha Movement ?

(A) N. G. Ranga (B) Vallabh Bhai Patel
(C) Jawaharlal Nehru (D) Swami Sahjanand Saraswati

42. An Indian revolutionary who was a Professor of Sanskrit and Philosophy in the Universities of Berkeley and Stanford died in Philadelphia

(A) Shyamji Krishna Verma (B) Lala Har Dayal
(C) Tarak Nath Das (D) Bhai Parmanand

43. Under the 'Old Guarantee System' the British Companies investing in railways were assured a guarantee of

(A) 3 % (B) 5 % (C) 8 % (D) 10 %

44. Who argued that de-industrialization did not take place in India in the colonial period ?

(A) Bipan Chandra (B) Amiyo Baghchi
(C) Anil Seal (D) Morris D. Morris

45. Which Princely State resembled 'Ramrajya' according to Gandhiji ?

(A) Baroda (B) Gwalior
(C) Mysore (D) Patiala

46. Arrange the following events in chronological order :

I. Indian States Commission
II. Round Table Conference
III. Establishment of All India States People's Conference
IV. First Justice Party Government

(A) IV, III, I, II (B) III, I, IV, II
(C) I, IV, III, II (D) II, III, IV, I

47. During Renaissance the interest in the study of Graeco-Roman Classics came to be known as

(A) Individualism (B) Hedonism
(C) Romanticism (D) Humanism

48. Bandung Conference relates to

(A) Nazism (B) Non-alignment
(C) Apartheid (D) Imperialism

49. Calvinists in France were known as

(A) Puritans (B) Presbyterians
(C) Huguenots (D) Catholics

50. Who was the first Greek Historian ?

(A) Thucydides (B) Herodotus
(C) Homer (D) Megasthenes

---

40. राजा राम मोहन राय की मृत्योपरान्त ब्रह्म समाज का नेतृत्व किसने अपने हाथों में लिया ?

(A) द्वारिका नाथ टैगोर (B) केशव चन्द्र सेन

(C) देवेन्द्र नाथ टैगोर (D) राम चन्द्र विद्या वागीश

41. किसने सर्वाधिक योगदान किसान सभा आन्दोलन को संगठित करने में प्रदान किया ?

(A) एन. जी. रंगा (B) वल्लभभाई पटेल

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) स्वामी सहजानन्द सरस्वती

42. एक भारतीय क्रान्तिकारी जो कि बर्कले और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में संस्कृत और दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर थे, जिनका देहान्त फिलाडेलफिया में हो गया, वे थे :

(A) श्यामजी कृष्ण वर्मा (B) लाला हरदयाल

(C) तारकनाथ दास (D) भाई परमानन्द

43. पुराने 'गारन्टी पद्धति' के अधीन जिन ब्रिटिश कम्पनियों ने रेलवे में पूँजी निवेश किया उनको लाभांश आश्वासन की गारन्टी थी :

(A) 3 % (B) 5 % (C) 8 % (D) 10 %

44. किसका तर्क है कि औपनिवेशिक काल में भारत में अनौद्योगिकीकरण नहीं हुआ ?

(A) बिपन चन्द्र (B) अमियो बाग़ची

(C) अनिल सील (D) मॉरिस डी. मॉरिस

45. कौन सी देशी रियासत गांधी जी के अनुसार 'रामराज्य' के समतुल्य रही ?

(A) बड़ौदा (B) ग्वालियर

(C) मैसूर (D) पटियाला

46. निम्नलिखित घटनाओं को अनुक्रमानुसार इंगित कीजिए :

I. इण्डियन स्टेट्स कमीशन

II. राउण्ड टेबल कान्फ्रेन्स

III. ऑल इण्डिया स्टेट्स पीपुल्स कान्फ्रेन्स की स्थापना

IV. प्रथम जस्टिस पार्टी सरकार

(A) IV, III, I, II (B) III, I, IV, II

(C) I, IV, III, II (D) II, III, IV, I

47. पुनर्जागरण काल में ग्रीको-रोमन प्राचीन साहित्य के अध्ययन में रुचि को किस नाम से जाना गया ?

(A) व्यक्तिवाद (B) सुखवाद

(C) रोमांसवाद (D) मानववाद

48. बानडुन्ग सम्मेलन का सम्बन्ध रहा :

(A) नाज़ीवाद (B) गुट निरपेक्षता

(C) अपारथायड (नस्लवाद) (D) साम्राज्यवाद

49. फ्रान्स में केल्विनवादियों को किस नाम से जाना जाता था ?

(A) प्योरिटन्स (B) प्रेसबिटेरियन्स

(C) हय्यूजेनोज़ (D) कैथोलिक

50. प्रथम यूनानी इतिहासकार कौन था ?

(A) थूसीडाइड्स (B) हीरोडोटस

(C) होमर (D) मेगेस्थेनीज़

Space for Rough Work